मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वस्नीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर जी"
के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर

विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555

# एलडीए की टीम पर हमला, मारपीट और पथराव

## पूरनपुर गांव में अवैध निर्माण गिराने गई थी टीम, अधिकारियों से अभिलेख छीने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज क्षेत्र के नगराम रोड स्थित पूरनपुर गांव में बुधवार को अवैध निर्माण गिराने गई एलडीए की टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। अधिकारियों और कर्मियों से हाथापाई कर अभिलेख छीनने की कोशिश की। पथराव में जेसीबी व सरकारी वाहनों के शीशे टूट गए जबकि एक जेसीबी चालक का सिर भी फट गया। प्रवर्तन जोन-2 के अवर अभियंता विवेक यादव ने मोहनलालगंज थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा और हमला करने का आरोप लगा तहरीर दी है।

सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि मोहनलालगंज के ग्राम पूरनपुर में नगराम रोड पर राजपाल व अन्य द्वारा लगभग दो हजार वर्गफीट क्षेत्रफल के भूखंड पर व्यावसायिक उपयोग करते हुए दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। निर्माण का एलडीए से मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया था। निर्माण अवैध होने पर विहित प्राधिकारी न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया गया था। इस क्रम में प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह के नेतृत्व में सहायक अभियंता सत्येन्द्र सोलंकी, अवर अभियंता विभोर श्रीवास्तव एवं विवेक यादव टीम के साथ मौके पर मौके पर गए थे। अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू ही तो काफी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हो गए। कार्रवाई का विरोध किया। नोकझोंक के बाद हमलावर हो गए। हाथापाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। विभागीय फाइलें छीनकर नष्ट करने का प्रयास किया। इतना ही नहीं हमलावरों ने जेसीबी व सरकारी वाहनों पर पथराव करके क्षतिग्रस्त कर दिए। इससे जेसीबी का चालक चोटिल हो गया।





एलडीए टीम के साथ नोकझोंक करते लोग और डंडा लेकर टीम की ओर दौड़ता बुजुर्ग, पथराव में घायल जेसीबी चालक।

### फौरन पहुंची प्रवर्तन जोन-7 की टीम और पुलिस बल

- घटना की जानकारी मिलने पर प्रवर्तन जोन–7 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार व प्रवर्तन जोन–1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस बीच स्थानीय पुलिस बल भी पहुंच गया। हमलावर भाग गए। अफसरों ने पुलिस बल के साथ अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर मोहनलालगंज थाने में अवर अभियंता विवेक यादव ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी।



विरोध के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करता बुलडोजर।

# पैमाइश के दौरान बवाल दो पक्षों में हुई फायरिंग

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- राजस्व टीम के सामने बांके से हमला, कई घायल
- दोनों पक्षों ने दी थाने पर तहरीर गांव में पुलिस तैनात

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र की दिगोई ग्राम पंचायत में बुधवार को सरकारी तालाब की पैमाइश के दौरान दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि दबंगों ने धारदार हथियार से हमला करते हुए फायरिंग। मारपीट व बवाल में कई लोग घायल हो गए। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल कराया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव के चलते पुलिस बल तैनात किया गया है।

ग्राम प्रधान आदर्श कुमार सिंह उर्फ लवकुश ने बताया कि सरकारी तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत उन्होंने पूर्व में प्रशासन से की थी। तहसीलदार के आदेश पर कानूनगो अविनाश तिवारी व लेखपाल सर्वेश कुमार बुधवार दोपहर करीब तीन बजे पैमाइश के लिए गांव पहुंचे थे। राजस्व टीम के कहने पर वह भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान तालाब की जमीन पर कब्जा करने के आरोपी अभय राज सिंह, उनका बेटा अनुज सिंह राठौर, आदर्श सिंह राठौर, सम्राट सिंह राठौर, संदीप सिंह निवासी मवई कला थाना महिंगवा और करीब 20 अज्ञात लोग पहले से ही वहां मौजूद थे। पैमाइश शुरू होते ही विपक्षियों ने हमला बोल दिया। प्रधान ने आरोप लगाया कि संदीप सिंह ने जान से मारने की नियत से असलहे से फायर किया, जिसकी गोली उनके पास से गुजर गई। इसके बाद लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट शुरू हो गई। अनुज सिंह ने बांका से हमला किया, जिसमें प्रधान के भाई आलोक सिंह का सिर फट गया। बीच-बचाव में आए राजकुमार रावत भी हमले में लहूलुहान हो गए।

प्रधान का कहना है कि आत्मरक्षा में उन्होंने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से हवाई फायर किया। वहीं, दूसरे पक्ष के रामसिंह उर्फ आदर्श ने आरोप लगाया है कि प्रधान ने रिवॉल्वर की बट से उनके सिर पर प्रहार कर उन्हें घायल किया। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# पेट्रोल के रुपये मांगने पर पंप फूंकने की धमकी

**अमृत विचा, माल:** थाना क्षेत्र के बीरपुर में स्थित कनक पेट्रोलियम पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाने के बाद रुपये मांगने पर आरोपी ने पंप में आग लगाने की धमकी दी। यही नहीं आरोपी ने परिवार व साथियों संग सेल्समैन और मैनेजर पर हमला कर दिया। मारपीट में दोनों घायल हो गए। इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

माल-जेहटा मार्ग पर बीरपुर गांव स्थित कनक पेट्रोलियम पेट्रोल पंप पर मैनेजर जुगल किशोर तिवारी निवासी दिघारा गांव ने बताया कि 8 फरवरी की शाम लगभग सात बजे बीरपुर गांव का रंजीत मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाने आया। सेल्समैन चंद्र प्रकाश से सौ रुपये का पेट्रोल डलवाया। पेट्रोल के रुपये मांगने पर मना कर दिया। सेल्समैन ने रुपये नहीं देने पर पेट्रोल निकालने की बात कही। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पेट्रोल पंप फूंकने की धमकी देते हुए पिता मंगल प्रसाद, भाई विनय, माता व पत्नी सहित चार पांच अज्ञात साथियों को बुला लिया। आरोप है कि सभी ने पेट्रोल पंप जलाने की कोशिश की। बचाव करने पर आरोपियों ने सेल्समैन इंदल को बुरी तरह से पीटा व मैनेजर जुगल किशोर तिवारी पर ईंट से हमला कर दिया। पुलिस ने मैनेजर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## न्यूज ब्रीफ

### राजेश कुमार पांडे उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक बने

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसएसई) 1989 बैच के अधिकारी राजेश कुमार पांडे ने उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है। गोरखपुर निवासी पांडे ने मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज से इलेक्ट्रॉनिक्स में बीई तथा आईआईटी दिल्ली से एमटेक किया। उन्होंने बरौनी में सहायक सिग्नल व दूरसंचार इंजीनियर के रूप में सेवा शुरू की। आरडीएसओ में निरीक्षण निदेशक, समस्तीपुर में एडीआरएम और पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में डीआरएम रहे। डीआरएम रहते हुए ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पूर्ण कराने में अहम भूमिका निभाई।

### ग्रेटर नोएडा में 48 एजेंटों को रेरा ने दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण ने रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, पेशेवर दक्षता और उत्तरदायित्व बढ़ाने के लिए बुधवार को ग्रेटर नोएडा स्थित एनआईईटी परिसर 34वां रियल एस्टेट एजेंट प्रशिक्षण शुरू किया। चार दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन सचिव महेन्द्र वर्मा ने लखनऊ मुख्यालय से वर्चुअल किया। इस दौरान संयुक्त सचिव उमा शंकर सिंह, वित्तीय सलाहकार सुधांशु त्रिपाठी तथा सहायक निदेशक अमरीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से रेरा के नियम व कार्य बताए। वहीं, नोएडा में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा कुल 48 प्रतिभागियों को प्रमाणित एवं पंजीकृत रियल एस्टेट एजेंट बनाने के तौर-तरीके बताए गए।

### मंदिर में तोड़फोड़ के आरोप को बताया फर्जी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र के मक्का खेड़ा निवासी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मक्का खेड़ा स्थित कैलोरी ब्रेड के पास हनुमान मंदिर के अंदर स्थापित मूर्ति के पास कांच के गेट को कुछ लोगों ने तोड़ दिया। साथ ही आरोपियों ने मंदिर परिसर में नुकसान भी पहुंचाया। जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा का कहना है कि उक्त मंदिर ग्रामीणों के चंदे से सार्वजनिक रूप से बनाया गया है। लेकिन इसके बावजूद विजय कुमार गुप्ता ने उस पर अपने नाम का पत्थर लगवा दिया। इसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया था। एसीपी ने बताया कि ग्रामीणों ने मिलकर मंदिर के अंदर कुछ मूर्तियां लगाने का प्रयास किया, लेकिन विजय गुप्ता ने मूर्तियां नहीं लगाने दी। एसीपी ने बताया कि इस मामले को तूल देकर विजय गुप्ता व कुछ अन्य लोगों द्वारा क्षेत्र में अशांति फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी जांच कर इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### आउटर रिंग रोड पर ट्रक- डाला भिड़े

**अमृत विचार, काकोरी :** थाना क्षेत्र में समदा चौकी अंतर्गत आउटर रिंग रोड स्थित पुल के ऊपर ट्रक और डाले की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि डाले का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन अनियंत्रित होकर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग दौड़ पड़े। गनीमत रही कि चालक और सवार बाल-बाल बच गए और उन्हें मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारू कराया। पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर मामले की जांच कर रही है।

# होली करीब, अभी नहीं बनी एफएसडीए की जांच टीमें


**अमृत विचार, लखनऊ :** होली त्योहार को करीब 15 दिन ही शेष हैं, बाजार में त्योहार से सबंधित खाद्य सामाग्री भी बनाई और बेची जाने लगी। इसके बावजूद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) की टीम सक्रिय नहीं हुई है। इसका प्रमुख कारण अधिकारियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) ड्यूटी में लगे होना बताया जा रहा है।

- एसआईआर में अधिकारियों की ड्यूटी लगी होने से हो रही देरी

मिठाई, नमकीन की दुकानों पर गुझिया, नमकीन और मिठाइयां तैयार की जाने लगी हैं। साथ ही चारबाग स्थित राजा मंडी, ठाकुरगंज स्थित दूध मंडी व मिलावटी खोया की दूध की आवक भी बढ़ गई है। खाद्य तेल, रिफाइंड, मैदा, पापड़, चिप्स भी थोक से लेकर फुटकर बाजार में खरीदा जाने लगा है।

अभी तक एफएसडीए की जांच टीम न निकलने से मिलावटी सामग्री घरों तक पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। इस संबंध मेंसहायक आयुक्त खाद्य, एफएसडीए विजय प्रताप सिंह ने कहा कि विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसआईआर ड्यूटी में लगे हैं।

त्योहार के एक हफ्ते पहले टीमें बनाकर बाजारों में अभियान चलाकर जांच की जाएगी।मिलावट की आशंका पर खाद्य पदार्थ सीज करने के साथ नष्ट कराया जाएगा और संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




सामूहिक विवाह समारोह में कन्यादान करते मोहनलालगंज एसडीएम पवन पटेल और विधायक की नगर प्रतिनिधि सविता गोयल साथ में अन्य लोग।


# बिना पिता की बेटियों का एसडीएम और ब्लॉक प्रमुख ने किया कन्यादान

## सामूहिक विवाह समारोह में विधायक के प्रतिनिधि ने भी पेश की अनुकरणीय मिसाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने दिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुए समारोह में बुधवार को अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए। एसडीएम मोहनलालगंज, ब्लॉक प्रमुख गोसाईगंज और सरोजनीनगर विधायक की प्रतिनिधि ने तीन ऐसी कन्याओं का कन्यादान किया, जिनके पिता इस दुनिया में नहीं हैं। मलिहाबाद और गोसाईंगंज तीन ब्लॉकों व चार नगरीय क्षेत्र की 170 बेटियों के विवाह कराए गए। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने नव युगलों का आशीर्वाद और उपहार देकर विदा किया।

मलिहाबाद के रजवाड़ा मैरिज लॉन में मलिहाबाद ब्लॉक क्षेत्र के 92 जोड़ों का एक ही पंडाल के नीचे विवाह कराया गया। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। गोसाईगंज के विशाल लॉन में गोसाईगंज ब्लॉक के 50 जोड़े, सरोजनी नगर ब्लॉक के 14 जोड़े, नगर पंचायत बंथरा, काकोरी, मलिहाबाद और गोसाईगंज के 14 जोड़ों ने भी इस विवाह समारोह में फेरे लिए। गोसाईगंज के ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा, उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज पवन पटेल ने रितु कुमारी पुत्री स्वर्गीय विनोद कुमार, सोनम पुत्री स्वर्गीय हंसराज और सरोजनीनगर विधायक की नगर प्रतिनिधि सविता गोयल ने रानी पुत्री स्वर्गीय रघुवीर का कन्यादान किया। मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्या, समाज कल्याण अधिकारी अंजनी कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने आशीर्वाद दिया।




वर–वधू को उपहार देते पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, विधायक अमरेश रावत, गोशाईगंज नगर पंचायत अध्यक्ष डिम्पल वर्मा और अन्य।

### कुल 5,506 जोड़ों का हुआ विवाह, अब एक लाख की योजना

- समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का सहारा बनी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से कुल 5,506 जोड़ों का विवाह कराया गया है। इस वित्तीय वर्ष में 618 जोड़ों योजना से लाभान्वित हुए हैं। योजना में 60 हजार कन्या के खाते में आते हैं। 25 हजार रुपये से वैवाहिक उपहार सामग्री के साथ रुपये 15 हजार से विभाग द्वारा आयोजन में खर्च किए जाते हैं।

### पिकअप की टक्कर से युवक घायल, रिपोर्ट

**अमृत विचार, आलमबाग :** थाना क्षेत्र में सुभानी खेड़ा के पास लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने घायल को ट्रामा टू अस्पताल भेजा। पुलिस ने पिकअप वाहन और बाइक कस्टडी में ले लिया था। पुलिस ने घायल के चाचा की शिकायत पर मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बिजनौर क्षेत्र में रहने वाले चाचा वरुण कुमार ने बताया कि 10 फरवरी की शाम उनका भतीजा नागेश्वर बाइक से विभूतिखंड जा रहा था सुभानी खेड़ा के पास पिकअप की टक्कर से वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया था।

खेतीबाड़ी

औद्योगिक क्षेत्र में मक्का की मांग बढ़ने पर बढ़ाई जाएगी पैदावार

# जिले में मक्का का रकबा बढ़ाएंगे किसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कन्नौज समेत अन्य जिलों की तरह लखनऊ में मक्का की खेती का रकबा बढ़ाकर अधिक उत्पादन किया जाएगा। पोल्ट्री फार्म में सीड के साथ औद्योगिक इकाइयों में मक्का की मांग बढ़ी है। इससे स्थानीय बाजार की बजाय बाहरी राज्यों में किसानों को अधिक दाम मिलेंगे। इसी माह जायद से उत्पादन बढ़ाने की शुरुआत की जाएगी।

जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि किसानों की मांग पर कृषि विभाग ने इस बार जायद में 300 हेक्टेयर मक्का की बोवाई का लक्ष्य रखा है। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए शंकर बीज 1800 क्विंटल मंगा लिए हैं। जो किसानों को डीबीटी के माध्यम से 50 फीसद अनुदान पर वितरित किए जाएंगे। मक्का की बोवाई इसी माह जायद में शुरू हो जाएगी और अप्रैल में किसान अन्य खरीफ की फसलें करेंगे।

रबी और खरीफ के बीच मक्का की खेती से खेत खाली नहीं रहेंगे बल्कि मक्का की पैदावार से मुनाफा ही कमाएंगे। पिछले वर्ष जायद और खरीफ सीजन में 214 हेक्टेयर में मक्का की बोवाई की गई थी। जो इस बार सिर्फ जायद में 300 हेक्टेयर के आसपास करने की तैयारी है।

### गुजरात, महाराष्ट्र में मिलते अधिक दाम

- दरअसल, प्रदेश से मक्का गुजरात, महाराष्ट्र समेत अन्य बाहरी राज्यों में अधिक जाता है। यहां के पोल्ट्री फार्म में मक्का के सीड खिलाए जाते हैं। साथ ही मक्का से कई तरह के पशुआहार कंपनियां बनाती है। खाद्य पदार्थों में भी सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। इसी के साथ औद्योगिक इकाइयों में मक्का का इथेनॉल बनाने में इस्तेमाल होता है। यह रंगीन, ज्वलनशील और वाष्पशील अल्कोहल होता है। इसे एथिल अल्कोहल या बायो–ईंधन के रूप में जाना जाता है। इस्तेमाल करने वाली कंपनियां स्थानीय बाजार से अधिक दाम देती हैं। इसलिए किसानों मक्का की खेती की तरफ आकर्षित हुए हैं।

# मंदिर जाने के लिए निकलीं दो बहनें लापता

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** शिवरात्रि के दिन घर से मंदिर जाने की बात कहकर निकली दो नाबालिग चचेरी बहनें संदिग्ध हालत में लापता हो गयी। काफी खोजबीन के बाद कुछ पता न चलने पर परिजन ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सरोजनीनगर के अमौसी निवासी नीलम राजपूत पत्नी जितेन्द्र राजपूत ने बताया कि 15 फरवरी को शिवरात्रि पर उनकी 17 वर्षीय बेटी सौम्या राजपूत और 14 वर्षीय भतीजी छवि सुबह करीब छह बजे मंदिर जाने की बात कहकर घर से निकली थी। वापस न लौटने पर परिवारवालों ने खोजबीन शुरु की। गांव में जानकारी की गयी तो पता चला कि दोनों किशोरियां अमौसी रेलवे स्टेशन से सुबह कानपुर जाने वाली ट्रेन में सवार होकर कानपुर की ओर चली गईं हैं।

# जिंदौर प्रधान के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज

कार्यालय संवादाता, लखनऊ

- नहीं कराई एक भी बैठक, डीएम ने की कार्रवाई
- बिना सदस्यों के प्रस्ताव लिए कराए घटिया कार्य

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी विशाख जी ने मलिहाबाद अंतर्गत जिंदौर प्रधान के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं। वर्ष 2021 में ग्राम पंचायत का गठन होने से अब तक एक भी बैठक नहीं कराई गई। न ही निर्वाचित सदस्यों से विकास कार्यों के प्रस्ताव लिए गए। प्रधान और सचिव ने जो कार्य कराए गए वह जांच में मनमाने और घटिया मिलने पर कार्रवाई की गई है।

जिलाधिकारी से जिंदौर गांव के राजेश कुमार ने शपथ पत्र के माध्यम से शिकायत की थी। आरोप था कि विकास कार्य प्रधान व सचिव ने मनमाने तरीके से प्रस्ताव बनाकर घटिया सामग्री का इस्तेमाल करके कराए। इस प्रकरण की जांच जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह से कराई। 23 दिसंबर 2025 जांच आख्या उपलब्ध कराई। इसमें ग्राम पंचायत जिंदौर के वर्ष 2021-22, 2022-23 व 2023-24 में कराए गए कार्यों के स्थलीय निरीक्षण एवं अभिलेखीय परीक्षण में प्रथम दृष्टया वित्तीय अनियमितताएं मिलने पर दोषी पाया। इस आधार प्रधान वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार अग्रिम आदेश तक सीज कर दिए। तब तक कार्यों का संचालन ग्राम पंचायत के तीन सदस्यों की समिति द्वारा किया जाएगा।

